हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
**Board of School Education Haryana, Bhiwani**
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

No. BSEH/SEC/2025

Dated: 21-08-2025
Circular No. 12/2025

विषयः—हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा वर्ष—2024, परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के सन्दर्भ में।

सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि निकट भविष्य में दिनांक 30 व 31 जुलाई 2025 को आयोजित हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 का परिणाम शीघ्र घोषित किया जा रहा है। परिणाम घोषित होने से पूर्व परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन का कार्य पूर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए दिनांक 25.08.2025 से 26.08.2025 तक राज्य के सभी 22 जिलों में जिलावार वैरिफिकेशन केन्द्र स्थापित किए गए है। अन्य राज्य से सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने साथ लगते जिला मुख्यालयों पर पहुंचकर अपनी वैरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते है। विशेष परिस्थितियों में परीक्षार्थी 22 जिलों में स्थापित केन्द्रों में से किसी भी केन्द्र पर उपस्थित होकर अपनी वैरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। परीक्षार्थी द्वारा अपना मूल प्रवेश–पत्र (admit card) तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र लेकर आना है। जिलावार स्थापित किए गए वैरिफिकेशन केन्द्रों की सूची व जिन परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन होनी है, उनकी सूची बोर्ड वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर उपलब्ध है। केवल सूची में दर्शाए गये अनुक्रमांक वाले परीक्षार्थियों द्वारा ही अपनी वैरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। इन परीक्षार्थियों को इनके ऑन लाईन आवेदन के समय पंजीकृत मोबाईल फोन नम्बर/ई–मेल पर भी इस बारे संदेश भेजे जाएंगे। बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध सूची में से जो परीक्षार्थी दिनांक 25.08.2025 या 26.08.2025 को अपनी वैरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण नहीं करते है, उनका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।

सहायक सचिव (विशेष परीक्षा सैल)